कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-20.03.2025

विषय:- गैस सर्विस गोदाम से सिलेण्डर चोरी करने के मामले मे अभियुक्त अमीन बेलाल गिरफ्तार, चोरी का 01 अदद भरा गैस सिलेण्डर बरामद।

दिनांक-19.03.2025 को श्री प्रमोद साह पुत्र स्व0 विन्देश्वरी साह निवासी अन्तरा गैस सर्विस चन्दापुर थाना लोहता जनपद वाराणसी (गोदाम इंचार्ज) द्वारा एक अनजान व्यक्ति जो कि उक्त गैस सर्विस गोदाम से भरे हुए गैस सिलेन्डर को चुराकर अपने कंधे पर लादकर ले जा रहा था तभी गोदाम इंचार्ज उपरोक्त व एजेन्सी में कार्य करने वाले अन्य दो कर्मचारियों द्वारा उक्त व्यक्ति/अभियुक्त अमीन बेलाल पुत्र बदरुद्दीन अंसारी निवासी कन्हईसराय हरपालपुर थाना लोहता वाराणसी को पकड़ कर चोरी के 01 अदद भरे इण्डेन गैस सिलेन्डर के साथ थाना लोहता पुलिस को सुपुर्द किया गया। प्रार्थी/वादी मुकदमा श्री प्रमोद साह पुत्र स्व0 विन्देश्वरी साह निवासी अन्तरा गैस सर्विस चन्दापुर थाना लोहता जनपद वाराणसी के द्वारा दी गई लिखित तहरीर के आधार पर थाना लोहता पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-61/2025 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत करते हुए, अभियुक्त अमीन बेलाल उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ़्तारी/बरामदगी के संबंध मे थाना लोहता पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त से पूछताछ का विवरण- अभियुक्त अमीन बेलाल ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं नशे करने का आदी हूँ, मेरे पास नशा करने के लिए पैसे नहीं थे इसलिए मैंने यह गैस से भरा सिलेन्डर चोरी किया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- अमीन बेलाल पुत्र बदरुद्दीन अंसारी निवासी कन्हईसराय हरपालपुर थाना लोहता वाराणसी, उम्र 24 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान,दिनांक व समय- थाना परिसर लोहता से दिनांक-19.03.2025 को समय करीब 23.45 बजे।

बरामदगी का विवरण- 01 अदद भरा गैस सिलेन्डर इण्डेन नं0-640109T बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 061/2025 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना लोहता कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

प्र0नि0 प्रवीन कुमार व का0मु0 मिथुन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी